सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून 21 फरवरी, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में फ्लेक्स फूड्स के प्रबंध निदेशक विवेक बाली ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को जानकारी दी कि कम्पनी द्वारा सगंध पौधों, जड़ी–बूटियों और मसालों के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अवगत कराया कि उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों के 650 प्रगतिशील किसानों के साथ मिलकर नवीनतम कृषि तकनीकों के माध्यम से कॉन्ट्रेक्ट फॉर्मिंग की जा रही है, जिससे किसानों को आर्थिक लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर उन्होंने अपने उत्पाद भी प्रदर्शित किए। श्री बाली द्वारा बताया गया कि इन सभी उत्पादों को विदेशों में निर्यात किया जा रहा है, जिससे किसानों को काफी आर्थिक लाभ मिल रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में जड़ी–बूटियों, मसालों और सगंध पौधों के व्यावसायिक उत्पादन की पर्याप्त संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि जड़ी–बूटियों और मसालों से प्रदेश में आर्थिक समृद्धि ला सकते हैं। राज्यपाल ने श्री बाली से कहा कि इस कार्य के साथ अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने का प्रयास किया जाए साथ ही स्वयं सहायता समूहों और पूर्व सैनिकों को भी इससे जोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि कम्पनी के साथ जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर और औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार के साथ बैठक कर कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान अशोक सिंह, गुरदीप सिंह और ओंकार सिंह उपस्थित रहे।

..........0..........